न्यूजीलैंड के खिलाफ बढ़त बनाने उतरेगी टीम इंडिया

तीसरा टी-20 आज, भुवनेश्वर पर होगी निगाहें, ईशान किशन बाहर, प्रसारण दोपहर 12.30 से

वेलिंगटन, 26 अक्टूबर (भाषा) बल्लेबाजों के दम पर पहले दो मैचों में जीत हासिल करने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी जिसमें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी भारत 2020 से न्यूजीलैंड में अजेय रहा है। उसने विराट कोहली की अगुवाई में तब न्यूजीलैंड को 5-0 से हराया था। इसके बाद 2022-23 में अपने अगले दौरे में भारतीय टीम ने एकमात्र ऐसा मैच जीता जो खराब मौसम से प्रभावित नहीं हुआ था, जबकि श्रृंखला का निर्णायक मैच टाई रहा था। अब श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम सुनिश्चित करना चाहेगी कि जसप्रीत बुमराह (जिन्हें आराम दिया गया है) और हार्दिक पंड्या (जो लंबे समय से चोट के कारण बाहर हैं) की अनुपस्थिति के बावजूद उनका अजेय रिकॉर्ड बरकरार रहे। क्राइस्टचर्च में खेले गए शुरुआती दो मैचों में बड़े लक्ष्य हासिल करने के बाद टीम निश्चित रूप से



सही राह पर दिख रही है। भारत के लिए हालांकि चुनौती आसान नहीं है क्योंकि न्यूजीलैंड की टीम वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी और इसके अलावा यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना भी आसान नहीं होगा। भारतीय टीम को तीन तरफ से खुले बेसिन रिजर्व ग्राउंड पर अक्सर चलने वाली तेज हवाओं से निपटना होगा। क्या इस तरह की परिस्थितियों को देखते हुए अंतिम एकादश में कोई रणनीतिक बदलाव किया जाएगा, इस बारे में भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कोई खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि चार साल बाद वापसी करने वाले भुवनेश्वर को बिना दबाव में आए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी लय हासिल करने की जरूरत है। उन्होंने पहले दो मैचों में 49 और 50 रन लुटाए। भुवनेश्वर को हालांकि बेसिन रिजर्व की परिस्थितियां रास आ सकती हैं। उन्हें अर्शदीप के रूप में एक भरोसेमंद साथी मिलेगा, जो दोनों तरफ स्विंग करने की अपनी क्षमता से न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों फिन एलन, टिम सीफर्ट और डैरिल मिचेल के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। इन तीनों बल्लेबाजों ने अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है और जैसे-जैसे श्रृंखला आगे बढ़ रही है उन पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। न्यूजीलैंड की तरफ से मध्य क्रम में ग्लेन फिलिप्स ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है।



फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे स्मिथ



केप टाउन। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मुकाबलों की टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। निर्णायक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को एक नया ओपनर मिलेगा, क्योंकि निक मैडिन्सन और बैकअप विकेटकीपर सैम हार्पर को टीम से रिलीज कर दिया गया है। वहीं, अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ अपनी गर्दन की चोट के लिए फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे। मैडिन्सन इस सीरीज की अपनी चार पारियों में 0, 48, 0 और 8 रन ही बना सके थे। वह अब स्वदेश लौट रहे हैं, जहां वे होबार्ट में तस्मानिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच में न्यू साउथ वेल्स की ओर से खेलेंगे। यह मैच शुक्रवार से शुरू हो रहा है। उनके जाने के बाद अब मैथ्यू रेनशॉ, ट्रैविस हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। इस बीच हार्पर को भी टीम से रिलीज कर दिया गया है।

मोर्कल की भुवनेश्वर को सलाह

वेलिंगटन। भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल चाहते हैं कि चार साल बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 'अपेक्षाओं को दरकिनार करके' अपने नैसर्गिक खेल पर ध्यान केंद्रित करें भुवनेश्वर की भारत की टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी निराशाजनक रही। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो मैचों में 12.37 की इकॉनमी रेट से 49 और 50 रन लुटाए और सिर्फ एक विकेट लिया, जो भारतीय गेंदबाजों में सबसे खराब प्रदर्शन है। मोर्कल ने तीसरे टी-20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''मुझे उनसे पूरी सहानुभूति है। चार साल बाद वापसी करने पर उनसे काफी उम्मीदें होंगी। उन्होंने आईपीएल में असाधारण प्रदर्शन किया है और शानदार गेंदबाजी की है। उन्होंने कहा, उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती उम्मीदों के दबाव को दरकिनार करना है। उन्हें अभ्यास का भी कम मौका मिला है। उनके पास कौशल और अनुभव सब कुछ है। लेकिन उन्हें कुछ मैचों में खुद को स्थापित करने का मौका देना होगा। उन्हें बाहरी बातों पर ध्यान नहीं देना होगा और अपना नैसर्गिक खेल खेलना होगा। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने सोमवार को कहा कि कि भारत के पास गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के लिए 'अचूक' योजना है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए वैकल्पिक गेंदबाजों को भी रखने पर विचार कर रहा है जिसमें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी शामिल हैं भारतीय टीम प्रबंधन ने अपने गेंदबाजों के लिए यह योजना तैयार की है ताकि उन्हें यहां पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय, पांच वनडे और दो टेस्ट मैचों वाले इस दौरे के व्यस्त कार्यक्रम से निपटने में मदद मिल सके।



बांग्लादेश के खिलाफ अपना अभियान शुरु करेगा भारत

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी आज

जालंधर। पांच बार की चैंपियन और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम मंगलवार से यहां शुरू होने वाले छह देशों के एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी जहां उसका पहला मुकाबला बांग्लादेश से होगा इस टूर्नामेंट से 17 साल के बाद पंजाब में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की भी वापसी होगी। यह राज्य कई दशकों से भारतीय हॉकी का केंद्र रहा है और आज भी टीम के आधे से अधिक खिलाड़ी यहीं से आते हैं। लेकिन इससे पहले यहां आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट 2009 में गोल्ड कप के रूप में खेला गया था। लेकिन भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, राजिंदर सिंह, हार्दिक सिंह, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह और मनदीप सिंह जैसे खिलाड़ियों का अपने राज्य में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलने का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। उन्हें अपने गृह राज्य में परिवार और दोस्तों के सामने खेलने का मौका मिलेगा। हरमनप्रीत पहले ही कह चुके हैं कि स्टैंड में अपने परिवार को देखना उनके लिए बेहद खुशी का पल होगा। हालांकि अभ्यास सत्र के दौरान पिंडली में चोट लगने के कारण मनप्रीत सिंह पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह विवेक सागर प्रसाद को अंतिम एकादश में



शामिल किया गया है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन भी पंजाब में खेलने को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, ''हम घरेलू दर्शकों से मिलने वाले जोश और ऊर्जा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। भारत में टूर्नामेंट खेलने जैसा कुछ नहीं है और हम इसका बहुत इंतजार कर रहे थे भारतीय टीम मौजूदा चैंपियन है और वह विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर है जो इसमें भाग लेने वाली टीमों में सर्वोच्च है। भारत ने सर्वाधिक पांच बार 2011, 2016, 2018, 2023 और 2024 में खिताब जीता है। भारतीय टीम सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हटने वाले पाकिस्तान की जगह लेने वाले बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और फिर 29 अक्टूबर को चीन, 30 अक्टूबर को जापान, एक नवंबर को मलेशिया और दो नवंबर को कोरिया के खिलाफ खेलेगी। प्रतियोगिता के लीग चरण से शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल और फाइनल चार और पांच नवंबर को मोहाली में खेले जाएंगे। भारत ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है और कुछ मामूली बदलाव किए

भारत ने डेथ ओवरों में बनाया दबाव

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल ने सोमवार को कहा कि भारतीय गेंदबाजों ने मौजूदा टी-20 श्रृंखला के दौरान डेथ ओवरों में उनके बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा है जो उनकी टीम का पहला दो मैच में हार का प्रमुख कारण रहा है ब्रैसवेल से जब उन कुछ प्रमुख क्षेत्रों की बात करने के लिए कहा गया जिनमें वह कमजोर नजर आए तो उन्होंने कहा कि उनकी टीम को अधिक रन बनाने की जरूरत थी लेकिन भारत की डेथ ओवरों की शानदार गेंदबाजी के कारण वह ऐसा नहीं कर पाए। न्यूजीलैंड पहले मैच में 225 और दूसरे मैच में 180 रन का बचाव नहीं कर पाया। ब्रैसवेल ने तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''मुझे लगता है कि उन्होंने हमें दबाव में रखा, खासकर गेंदबाजी करते हुए डेथ ओवरों में। इन दोनों मैच में काफी रन बने इसलिए उन्होंने एकतरफा जीत हासिल नहीं की। इस तरह के मैचों में महत्वपूर्ण अवसरों पर अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी होता है। भारत ने ऐसा किया और उम्मीद है कि आगे हम ऐसा करने में सफल रहेंगे। भारतीय गेंदबाजों ने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के आखिरी दो ओवरों में 26 रन दिए और दूसरे मैच के आखिरी दो ओवरों में 23 रन देकर मेजबान टीम को नियंत्रण में रखा। लेकिन ब्रैसवेल का मानना है कि न्यूजीलैंड अपना संपूर्ण प्रदर्शन करने के लगभग करीब है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह उन चीजों पर नियंत्रण करने से जुड़ा है जिनमें हम वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। यह प्रत्येक खिलाड़ी का हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने से जुड़ा है। ब्रैसवेल ने भारत के सलामी बल्लेबाजों संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा को रोकने की चुनौती को स्वीकार किया।



न्यूजीलैंड ए के खिलाफ खेल सकते हैं बुमराह और पंत

नयी दिल्ली। भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेल सकते हैं जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के भी सात नवंबर से लिंकन में शुरू होने वाले इस मुकाबले की अंतिम एकादश में जगह बनाने की संभावना है । दोनों खिलाड़ी फिलहाल बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में अभ्यास कर रहे हैं। पंत शुक्रवार को यहां पहुंचे थे जबकि बुमराह सोमवार को पहुंचे। क्रिकइन्फो' की रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह का सीओई दौरा न्यूजीलैंड के लिए एक नवंबर को रवाना होने से पहले किसी भी सीरीज में खेलने के लिए सभी खिलाड़ियों की अनिवार्य 'वापसी से खेल प्रक्रिया' की शर्तें पूरी करने के उद्देश्य से है। बुमराह इस महीने की शुरुआत में जापान में भारत के एशियाई खेलों के अभियान का हिस्सा थे जिसमें टीम ने स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीमित ओवरों की सीरीज के अलावा न्यूजीलैंड दौरे पर जारी टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय



मुकाबलों से भी आराम दिया गया था। पंत अक्टूबर की शुरुआत में ईरानी कप के दौरान चोट का शिकार हो गए थे। उस मुकाबले में उन्होंने शेष भारत टीम की कप्तानी की थी जिसने जम्मू-कश्मीर को हराया था। इस चोट के कारण पंत दिल्ली के रणजी ट्रॉफी के शुरुआती मुकाबले और न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले दो चार दिवसीय मैचों में भी नहीं खेल सके। रिपोर्ट के अनुसार पंत ने सीओई में हल्का अभ्यास फिर से शुरू कर दिया है जिसमें बल्लेबाजी की ड्रिल भी शामिल हैं, लेकिन उन्होंने अभी विकेटकीपिंग शुरू नहीं की है। पंत की गैरमौजूदगी में झारखंड के विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को शुरुआती दो मैच के लिए टीम में शामिल किया गया था। झारखंड के कप्तान कुशाग्र को जारी टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में ईशान किशन के विकल्प के तौर पर भी चुना गया है। किशन दाएं पैर की मांसपेशी में खिंचाव के कारण चोटिल हो गए थे। बुमराह और पंत दोनों को न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच की सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। यह सीरीज 19 से 23 नवंबर तक वेलिंगटन और 27 नवंबर से एक दिसंबर तक क्राइस्टचर्च में खेली जाएगी।

युवा ओलंपिक में अगुआई करेंगी सिंड्रेला-देशिंगु

नयी दिल्ली। युवा टेबल टेनिस खिलाड़ी सिंड्रेला दास और तैराक धिनिधि देशिंगु 31 अक्टूबर से सेनेगल में शुरू होने वाले डकार 2026 ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक खेलों में 17 सदस्यीय भारतीय दल की अगुआई करेंगी युवा ओलंपिक खेल 13 नवंबर तक चलेंगे। भारत इसमें 11 खेलों में हिस्सा लेगा। प्रतियोगिता में 207 दल के लगभग 2,700 खिलाड़ियों के 25 खेल विधाओं में भाग लेने की उम्मीद है। सत्रह वर्षीय सिंड्रेला ने हाल में जापान में हुए एशियाई खेलों में हिस्सा लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अहम अनुभव हासिल किया। उन्होंने महिला टीम और युगल स्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया। भारतीय महिला टीम क्वार्टर फाइनल तक पहुंची जबकि सिंड्रेला और श्रीजा अकुला की जोड़ी युगल स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंची। वहीं धिनिधि देशिंगु भारत की उभरती हुई युवा तैराकों में अपनी जगह बना रही हैं। उन्होंने बैंकॉक में आयोजित 2026 एशियाई आयु वर्ग तैराकी चैंपियनशिप में 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता और इस दौरान राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया।

हाइलो ओपन में खिताब पर टिकी सिंधू की नजरें

सारब्रकेन (जर्मनी)। फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहने के बाद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले पांच लाख डॉलर इनामी हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी तो उनकी नजरें अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने पर होंगी पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीता था और इसके बाद पेरिस में फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, खिताबी मुकाबले में उन्हें दक्षिण कोरिया की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा था। सिंधू महिला एकल के पहले दौर में तुर्किये की नेस्लिहान आरिन से भिड़ेंगी। पुरुष एकल में भारत के सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन का सामना फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से होगा जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी की भिड़ंत चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगी। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता भारत के एचएस प्रणय को पहले दौर में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। उनका मुकाबला तीसरी



वरीयता प्राप्त और मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस के एलेक्स लेनियर से होगा। किरण जॉर्ज का सामना मलेशिया के चियाम जून वेई से होगा जबकि थारुन मान्नेपल्ली की भिड़ंत फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त टोमा जूनियर पोपोव से होगी। महिला एकल में भारत की अश्मिता चालिहा इस साल कोरिया मास्टर्स का खिताब जीतने और पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में जापान की तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची को हराने के बाद अपनी शानदार फॉर्म जारी रखने के इरादे से उतरेंगी। पहले दौर में उनका सामना बुल्गारिया की कलोयाना नलबांतोवा से होगा। देविका सिहाग के सामने शीर्ष वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग की कड़ी चुनौती होगी जबकि आकर्षी कश्यप यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से भिड़ेंगी। आठवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड़ का मुकाबला डेनमार्क की लाइन होजमार्क जार्सफेल्ट से होगा जबकि छठी वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा के खिलाफ खेलेंगी। इशारानी बरुआ और अनमोल खरब महिला एकल के क्वालीफाइंग दौर में हिस्सा लेंगी।

एमबाप्पे ने दिलाई रियाल मैड्रिड को जीत

मैड्रिड। काइलियन एमबाप्पे के दो गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा के क्लासिको मैच में शीर्ष पर चल रहे बार्सिलोना को 2-1 से हराकर खिताब की दौड़ में वापसी की। एमबाप्पे ने 41वें और 87वें मिनट में गोल किए। बार्सिलोना की तरफ से एकमात्र गोल राफिन्हा ने 61वें मिनट में किया जबकि युवा स्ट्राइकर लामिन यामल अंतिम क्षणों में गोल करने से चूक गए। इस पराजय से बार्सिलोना का ला लिगा के शुरुआती 10 मैच जीतने वाली पहली टीम बनने का सपना टूट गया। उसने 1968-69 में रियाल मैड्रिड के नौ मैचों में नौ जीत के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली थी। मैड्रिड तीसरे स्थान पर बना हुआ है, लेकिन अब वह बार्सिलोना से सिर्फ तीन अंक पीछे है। एटलेटिको मैड्रिड दूसरे स्थान पर है और बार्सिलोना से दो अंक पीछे है। इससे पहले बैलोन



डीओर के दावेदार हैरी केन गोल करने में नाकाम रहे, लेकिन बायर्न म्यूनिख ने फ्रीबर्ग को 3-1 से हराकर बुंडेसलीगा में पहला स्थान हासिल कर लिया। इंग्लैंड की प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उसे बोर्नमाउथ से घरेलू मैदान पर 3-0 की हार का सामना करना पड़ा। इटली में मौजूदा चैंपियन इंटर मिलान ने उडिनीस को 2-0 से हराकर सीरी ए में बढ़त हासिल कर ली।

महिला प्रो वॉलीबॉल लीग नवंबर में

(आज खेल समाचार सेवा)

लखनऊ। ग्यारह दिनों तक छह टीमें इकाना स्टेडियम, लखनऊ में 11 से 21 नवंबर तक पहले डब्ल्यूपीवीएल ख़िताब के लिए भिड़ेंगी। पैडल शुरू से ही उठने लगे और बोली की गर्मी आख़िर तक कम नहीं हुई। स्टीयरिंग कमेटी, वॉलीबॉल फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया से संबद्ध, भारत की पहली पेशेवर महिला वॉलीबॉल लीग, विमेंस प्रो वॉलीबॉल लीग की सीज़न 1 प्लेयर ऑक्शन में छह फ़्रैंचाइज़ियों ने कुल 78.85 लाख में 66 खिलाड़ियों को अपने पाले में किया। दांव बड़ा है। हर फ़्रैंचाइज़ी का बजट 25 लाख है- 15 लाख नीलामी के लिए, 7 लाख विदेशी खिलाड़ियों के लिए और 3 लाख आइकन खिलाड़ी के लिए। इस तरह लीग का कुल खिलाड़ी बजट 1.5 करोड़ है। हर टीम 14 खिलाड़ियों की होगी, यानी कुल 84 खिलाड़ी। डब्ल्यूपीवीएल की संस्थापक श्रीमती रितु शाही ने कहा आज भारत की महिला वॉलीबॉल खिलाड़ियों के पास आख़िरकार अपनी लीग है।

दोहरे शतक से चूके पडिक्कल, भारत की वापसी

लिंकन। देवदत्त पडिक्कल सोमवार को यहां भले ही विवादास्पद फैसले से दोहरे शतक से चूक गए लेकिन उनकी 199 रन की शानदार पारी से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज को लेकर चल रही बहस पर विराम लग गया। इसके साथ ही भारत ए ने शानदार वापसी करके न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली भारत ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी ने आठ विकेट पर 488 रन बनाए हैं और उसने 284 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम पहली पारी ने 113 रन पर आउट हो गई थी जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ए ने 317 रन बना कर 204 रन की बढ़त हासिल की थी। पडिक्कल तब दोहरे शतक से चूक गए जब उन्हें मध्यम गति के गेंदबाज जैक गिब्सन की गेंद पर लेग साइड में विकेट के पीछे कैच आउट दिया गया। जब अंपायर ने उंगली उठाई तो पडिक्कल हैरान रह गए और उन्होंने हाव-भाव से यह जताने की कोशिश की कि गेंद उनके बल्ले से नहीं लगी। वे वहीं अवाक खड़े रहे और फिर



डगआउट की ओर चले गए। इस मैच में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) या स्निकोमीटर का उपयोग नहीं किया जा रहा है और इसलिए पडिक्कल के पास वापस जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। पडिक्कल ने अपनी पारी में 248 गेंदों में 23 चौके और तीन छक्के लगाए। श्रीलंका में लगातार दो टेस्ट शतक लगाने के बाद पडिक्कल ने तीसरे नंबर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली थी, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला से पहले टीम प्रबंधन ने फिट हो चुके साई सुदर्शन को भी आजमाना चाहा, जिन्होंने प्रभावशाली 91 रन बनाए। उन्होंने पडिक्कल के साथ तीसरे विकेट के लिए 210 रन की साझेदारी की। सुदर्शन ने अपनी 184 गेंदों की पारी में 12 चौके लगाए, लेकिन दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों में से पडिक्कल अपने शॉट चयन और पारी को गति देने के तरीके में अधिक बेहतर नजर आए। पडिक्कल ने शॉर्ट बॉल को अच्छी तरह खेला और बाएं हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स के खिलाफ अपने पैरों का इस्तेमाल किया।

लखनऊ की महिला हैंडबॉल टीम घोषित

(आज खेल समाचार सेवा)

लखनऊ। आगामी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रदेशीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल की टीम इस बार भी चुनौती पेश करेगी। झांसी में 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित टूर्नामेंट के लिए 12 सदस्यीय लखनऊ मंडल टीम का चयन सोमवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित चयन ट्रायल के बाद किया गया। लखनऊ जिला हैंडबॉल संघ के सचिव डॉ. सुमंत पांडेय ने टीम में चयनित खिलाड़ियों की घोषणा की। लखनऊ मंडल टीम ने पिछले सत्र में हुई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। यह सूचना केडी सिंह बाबू स्टेडियम में तैनात राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रशिक्षक मोहम्मद तौहीद ने दी। **टीम** -शिवानी भारती, शिवानी वर्मा, सौम्या श्रीवास्तव, माही शर्मा, डॉली यादव, लक्ष्मी, आरुषी, सुकृति पांडेय, सखी, मिग्रा, निशा खान (सभी लखनऊ), सौम्या चौरसिया (लखीमपुर)।